भारत के क्रोशिया के साथ मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंध हैः लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली, 22 अत्तूबर 2018: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने आज संसद भवन में क्रोशिया की उपप्रधान मंत्री तथा विदेश और यूरोपीय कार्य मंत्री महामहिम सुश्री मरिजा पेजसिनोविक बूयरिक और उनके शिष्टमंडल का स्वागत किया और कहा कि क्रोशिया के साथ भारत के संबंध सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण है तथा भविष्य में दोनों देशों को और अधिक सोद्देश्यपूर्ण रूप से संबंधों को विकसित करने की आवश्यकता है ।

श्रीमती महाजन ने यह भी कहा कि कानून निर्माताओं को महत्वपूर्ण मुद्दों का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए अद्यतन जानकारियों से अवगत होना चाहिए और इस कार्य को पूरा करने के लिए अध्यक्षीय शोध कदम (एसआरआई) प्रयासरत है । उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि परस्पर संवादात्मक सत्रों के अंतर्गत अध्यक्षीय शोध कदम विषय विशेषज्ञों को नियमित रूप से अपने अनुभवों और ज्ञान को साझा करने के लिए आमंत्रित करता है जिससे संसद सदस्यों को मुद्दों को समझने, उनका विश्लेषण करने और उन पर और अधिक जानकारीपूर्ण एवं अग्रसक्रियता से चर्चा करने में सहायता प्राप्त होती है । उन्होंने सहर्ष इस बात का उल्लेख किया कि पिछले तीन वर्षों के दौरान अध्यक्षीय शोध कदम सदस्यों को कानून के निर्माण और सरकार की निगरानी इत्यादि संबंधी अपनी भूमिकाओं के प्रभावी निर्वहन में अधिकाधिक रूप से सहायता प्रदान कर रहा है ।

श्रीमती महाजन ने इस बात की जानकारी भी दी कि भारत की संसद ने इंटर्नशिप योजना भी शुरू की है जिसमें छात्रों को संसद से संबंधित कार्य के विभिन्न पहलुओं, विशेष रूप से समिति प्रणाली, विधायी प्रक्रिया को सीखने का अवसर प्रदान किया जाता है । श्रीमती महाजन ने महत्वाकांक्षी ई-संसद कार्यक्रम का भी उल्लेख किया जिसे भारतीय संसद द्वारा बड़े स्तर पर शुरू किया गया है ।

प्रत्युत्तर में, महामहिम सुश्री मरिजा पेजसिनोविक बूयरिक ने आशा व्यक्त की कि वर्तमान दौरे से द्विपक्षीय संबंध और अधिक मजबूत होंगे । उन्होंने लोक सभा अध्यक्ष को सुविधाजनक अवसर पर क्रोशिया का दौरा करने का आमंत्रण भी दिया ।